# याद रखने वाली महत्वपूर्ण बातें:

- यह ज़रूरी है कि दवाई का सेवन हर रोज़ किया जाए और आप दूसरे लोगों के साथ अपनी दवाई साझी नहीं कर सकते/ती हैं।
- **आपका उपचार समाप्त होने के 3 महीने बाद आपको रक्त परीक्षण (ब्लड टेस्ट) की आवश्यकता होगी। यह आपको बताएगा कि क्या आप ठीक हो गए/गई हैं या नहीं।**
- यदि आपको लिवर सिरोसिस है तो आपका जीपी आपके साथ किसी भी जीवन शैली में बदलाव के बारे में चर्चा करेगा और आपको आगे की कार्रवाई के लिए लिवर विशेषज्ञ के पास भेजेगा।
- आपको हेपेटाइटिस सी दोबारा हो सकता है। **हेपेटाइटिस सी की कोई वैक्सीन नहीं है** इसलिए आपको रक्त संपर्क से बचने की आवश्यकता है, जैसे कि:

- किसी अन्य के रक्त से संपर्क न करें। आपको रेज़र, टूथब्रश या सुईयों का साझा प्रयोग नहीं करना चाहिए।

- बैंड एड का प्रयोग करके अपने घावों या ज़ख्मों को ढकें, और किसी रक्त को साफ करते समय दस्ताने पहनें।

- यदि आप विदेश में चिकित्सीय या दंत चिकित्साएँ करवाते/ती हैं, तो जांच करें कि किसी अन्य व्यक्ति के रक्त से संक्रमित होने से आपको रोकने के लिए अच्छा संक्रमण नियंत्रण उपलब्ध है।

# Important things to remember:

- The medication must be taken every day and you cannot share your medication with other people.
- **You will need a blood test 3 months after your treatment has finished. This will tell you if you have been cured.**
- If you have liver cirrhosis your GP will discuss with you any lifestyle changes you may need to do, and refer you to a liver specialist for follow up.
- You can be re-infected with Hepatitis C. **There is no Hepatitis C vaccine** therefore you need to avoid blood contact, for example:

- Do not have contact with anyone else's blood. You should not share razors, toothbrushes or needles.

- Cover your cuts or wounds using band aids, and wear gloves to clean blood.

- If having medical or dental procedures overseas, check that there is good infection control to prevent you from being infected by blood from another person.



## हमें संपर्क करें


वेबसाइट: **www.eccq.com.au/bbv**
फोन: **07 3844 9166**
फैक्स: **07 3846 4453**
ई-मेल: **health@eccq.com.au**


## Contact Us


Website: **www.eccq.com.au/bbv**
Phone: **07 3844 9166**
Fax: **07 3846 4453**
Email: **health@eccq.com.au**


eccq
Ethnic Communities Council of Queensland


This resource was produced by ECCQ's BBV&STI Program with funding from QLD Health, published 2019. Translated 2023.



Hindi/English

# हेपेटाइटिस सी

## Hepatitis C








# क्या आपका और आपके परिवार का हेपेटाइटिस सी के लिए टेस्ट हुआ है?

हेपेटाइटिस सी एक **लिवर (यकृत) रोग** है जो हेपेटाइटिस सी वायरस द्वारा उत्पन्न होता है। हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त लोग अक्सर न तो बीमार दिखते हैं न ही बीमार महसूस करते हैं। आपको केवल रक्त से रक्त संपर्क से ही हेपेटाइटिस सी हो सकता है, जिसमें गैर-रोगाणुहीन चिकित्सा उपकरण शामिल हैं, परन्तु **यह सामाजिक संपर्क से नहीं हो** सकता है जैसे कि भोजन मिल बांट कर खाना, हाथ मिलाना, चुंबन करना, आलिंगन, छींकना, कप साझा करना आदि।

**इलाज न किए जाने वाले हेपेटाइटिस सी से लीवर सिरोसिस, लीवर कैंसर और मृत्यु हो सकती है।**

# Have you and your family been tested for Hepatitis C?

Hepatitis C is a **liver disease** caused by the Hepatitis C virus. People with Hepatitis C often don't look or feel sick. You can only get Hepatitis C from blood to blood contact, including unsterile medical equipment, but **NOT** from social contact such as sharing food, shaking hands, kissing, cuddling, sneezing, sharing cups, etc.

**Untreated Hepatitis C can cause liver cirrhosis, liver cancer and death.**

## आप क्या कर सकते/ती हैं?

- अपने जी.पी. से मिलें और विशिष्ट **हेपेटाइटिस सी रक्त जांच** के लिए निवेदन करें। यह इस बात का पता लगाने का एकमात्र तरीका है कि क्या आपको हेपेटाइटिस सी है।
- यदि आपको हेपेटाइटिस सी है, तो जी.पी., विशेषज्ञ या नर्स पेशेवर आपके लिए इलाज का प्रबंध कर सकते हैं।
- इससे पहले कि आपका इलाज किया जा सके, आपको हेपेटाइटिस बी सहित अन्य परीक्षण कराने की आवश्यकता होगी।
- इलाज आसान है, अधिकांश लोगों के लिए केवल 2 या 3 महीने का समय लगता है।
- इलाज के बहुत कम दुष्प्रभाव हैं, और इलाज समाप्त करने के बाद 95% **से अधिक लोग ठीक** हो जाएँगे।

## हेपेटाइटिस सी के लिए इलाज में कितना खर्च आता है?

- ऑस्ट्रेलिया में हेपेटाइटिस सी के लिए इलाज की धन-राशि सरकार द्वारा दी जाती है।
- **यदि आपके पास मेडिकेयर कार्ड है, तो इलाज के लिए $125 से कम का खर्च आएगा और यदि आपके पास रियायत (कन्सेशन) कार्ड है (जैसे कि सीनियर्स कार्ड या हेल्थ केयर कार्ड), तो इलाज के लिए $20 से कम का खर्च आएगा।**
- यदि आपके पास मेडिकेयर कार्ड नहीं है तो आप सरकारी तौर पर वित्त-पोषित हेपेटाइटिस सी का इलाज नहीं करवा सकते/ती हैं, आप *www.fixhepc.com.au.* जैसी साइटों के माध्यम से ऑनलाइन उपचार खरीद सकते हैं।

## What can you do?

- See your GP and ask for a specific **Hepatitis C blood test**. It is the only way to find out if you have Hepatitis C.
- If you have Hepatitis C, a GP, a specialist or a nurse practitioner can arrange treatment for you.
- You will need to have further tests, including hepatitis B, before you can be treated.
- Treatment is easy, for most people taking only 2 or 3 months.
- The treatment has very few side effects, and more than 95% of people will be **cured** after finishing treatment.

## How much does treatment for Hepatitis C cost?

- Treatment for Hepatitis C is funded by the government in Australia.
- **If you have a Medicare Card it will cost less than $125 for the treatment and if you have a concession card (such as a Seniors Card or Health Care Card), it will cost less than $20 for the treatment.**
- If you don't have a Medicare card you cannot get government funded Hepatitis C treatment, you may be able to purchase treatment online through sites such as *www.fixhepc.com.au.*